Seat No. : ____________

# MAX-06

## Hindi Paper-VI

## (भाषाविज्ञान एवं हिन्दी भाषा)

**Time : 3 Hours]** **[Total Marks: 100**

१. भाषाविज्ञान की परिभाषा देते हुए ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक भाषाविज्ञान के अध्ययन की पद्धतियों पर प्रकाश डालिए । **(१५)**

**अथवा**

स्वनिम की अवधारणा स्पष्ट कीजिए । स्वन विज्ञान और स्वनिम विज्ञान के अन्तर को बताते हुए स्वनिम विश्लेषण को उदाहरण सहित समझाइए ।

२. रूपिम को परिभाषित करते हुए संबंधदर्शी रूपिम के कार्यों पर प्रकाश डालिए । **(१५)**

**अथवा**

अर्थविज्ञान की उपयोगिता प्रमाणित करते हुए अर्थ परिवर्तन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए ।

३. आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए ग्रियर्सन के वर्गीकरण की सीमाओं पर प्रकाश डालिए । **(१५)**

**अथवा**

खड़ी बोली हिन्दी के उद्‌भव और विकास को संक्षेप में समझाइए ।

४. स्थान एवं प्रयत्न के आधार पर हिन्दी व्यंजनों का विश्लेषण कीजिए । **(१५)**

**अथवा**

पूर्वी हिन्दी एवं पश्चिमी हिन्दी वर्ग की भाषाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए दोनों के बीच का अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

५. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : **(२०)**

(क) अभिहितान्वयवाद और अन्विताभिधानवाद **अथवा** भाषा व्यवस्था

(ख) भाषा के कार्य **अथवा** वागवयव

(ग) राजभाषा हिन्दी **अथवा** बिहारी वर्ग

(घ) प्राकृत **अथवा** प्राचीन आर्यभाषा

६. (क) निम्नलिखित के एक वाक्य में उत्तर दीजिए : **(१५)**

(१) राजभाषा अधिनियम में संशोधन कब हुआ ?

(२) खड़ी बोली का दूसरा नाम क्या है ?

(३) पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ किस अपभ्रंश से निकली हैं ?

(४) 'महाभाष्य ' के लेखक कौन हैं ?

(५) पाणिनि ने किस ग्रंथ द्वारा भाषा को एकरूपता देने का प्रयास किया ?

(६) मुगल काल में हिन्दी भाषा पर प्रभाव डालने वाली भाषा कौन-सी है ?

(७) मानक हिन्दी का विकास किस बोली से हुआ ?

(८) हिन्दी बोलियों को कितने वर्गों में रखा जाता है ?

(९) संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है ?

(१०) मध्यकाल में भारत में राजभाषा के रूप में किस भाषा को मान्यता मिली थी ?

(११) डेनियल जोन्स ने मानस्वरों की कितनी संख्या मानी है ?

(१२) वाक्य की लघुत्तम सार्थक इकाई कौन-सी मानी जाती है ?

(१३) हिन्दी में दीर्घ स्वर कितने हैं ?

(१४) अभिहितान्वयवाद के प्रवर्तक कौन थे ?

(१५) प्रयत्नलाघव भाषा परिवर्तन का कैसा कारण है ?

(ख) **हाँ** अथवा **नहीं** में उत्तर दीजिए : **(५)**

(१) 'पियक्कड़' में 'अक्कड़' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ।

(२) 'लुटेरा' उपसर्ग से बना शब्द है ।

(३) 'कमजोर' में 'कम' संस्कृत उपसर्ग है ।

(४) 'कामकाज' द्वंद्व समास का उदाहरण है ।

(५) 'देशनिकाला' में द्विगु समास है ।

---